संपादकीय

फिर वही खूनी खेल

श्रीलंका में रविवार को ईस्टर के मौके पर विभिन्न गिरजाघरों और होटलों में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों ने पूरी दुनिया को दहला दिया है। श्रीलंका ने 30 साल तक गृहयुद्ध और आतंकवाद झेला है। साल 2009 में गृहयुद्ध के खात्मे के बाद से वहां कोई बड़ी घटना नहीं घटी थी। इसलिए इन विस्फोटों से सवाल उठ रहा है कि क्या श्रीलंका में फिर से दहशतगर्दी का दौर शुरू हो रहा है? अभी तक इस हमले की जवाबदेही किसी संगठन ने नहीं ली है लेकिन जिस तरह की तैयारी के साथ हमले किए गए, उससे इनके पीछे अंतरराष्ट्रीय संपर्कों वाले किसी बड़े संगठन का हाथ होने की आशंका लग रही है।

वैसे तो ग्लोबल टेररिज्म की धुरी समझे जाने वाले दोनों संगठनों आईएस और अलकायदा की कमर तोड़ी जा चुकी है लेकिन अफगानिस्तान और पाकिस्तान के अलावा दक्षिण एशिया के कुछ और देशों में इनके अवशेष आज भी बने हुए हैं। पिछले साल संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि 'अल-कायदा इन इंडियन सबकांटिनेंट' (एक्यूआईएस) यानी 'भारतीय महाद्वीप में अल-कायदा' नामक आतंकी गुट किसी न किसी रूप में यहां सक्रिय है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अल कायदा प्रतिबंध समिति को सौंपी गई विश्लेषणात्मक सहयोग एवं प्रतिबंध निगरानी दल की 22वीं रिपोर्ट में कहा गया था कि यह संगठन भारत और बांग्लादेश के दूर-दराज के इलाकों से अपने रंगरूट भर्ती कर रहा है। भारत खासतौर से उसके निशाने पर है। संभव है कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण भारत में वह कोई बड़ा हमला न कर पा रहा हो लिहाजा श्रीलंका के रूप में दक्षिण एशिया की सबसे सुरक्षित जगह पर इस कायराना हरकत को अंजाम दिया हो।

श्रीलंका की इस विस्फोट श्रृंखला में एक स्थानीय चरमपंथी संगठन नैशनल तौहीद जमात (एनटीजे) का नाम आ रहा है। यह संगठन साल 2014 में वहां भगवान बुद्ध की मूर्तियां तोड़कर चर्चा में आया था। इसका एक धड़ा तमिलनाडु में भी सक्रिय है, जिस पर ईसाई समुदाय के कुछ लोगों को जबरन इस्लाम में धर्मांतरित करने का आरोप लगा था और अक्टूबर 2017 में इसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। कहा जा रहा है कि एक विदेशी खुफिया एजेंसी ने श्रीलंका को इस हमले को लेकर सतर्क किया था। उसकी चेतावनी में बड़े चर्चों के साथ-साथ भारतीय उच्चायोग को निशाना बनाने की बात भी थी। मुमकिन है, गिरजाघरों और होटलों में हमले के पीछे विदेशी नागरिकों को निशाना बनाने का उद्देश्य रहा हो ताकि यह एक अंतरराष्ट्रीय मामला बने और आतंकियों को फिर से चर्चा में आने का मौका मिले। बिना किसी बहाने के, किसी भी सुरक्षित जगह पर अपनी कार्रवाई को अंजाम देने की यह नई आतंकी रणनीति वाकई पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। इससे निपटने के लिए चलाए जाने वाले अभियान की सफलता उसके वैश्विक स्वरूप पर ही निर्भर करेगी।

अच्छे दिनों का अपना-अपना गणित

अच्छे दिन आये या नहीं, यह बहुत सब्सेक्टिव सवाल है। एक शराब कंपनी के प्रवक्ता बता रहे थे कि जितनी खपत शराब की ब्राजील में होती है, उतनी भारत में नहीं हो रही है। शराब कंपनी की सेल के अच्छे दिन नहीं आ रहे हैं। भारत को ब्राजील बन जाना चाहिए, शराब के मामले में, तब शराब कंपनी अपने अच्छे दिन मानेगी।

शराब कंपनी के लिए परम अच्छे दिन तब मान लिये जायेंगे, जब बंदे और बंदियां सुबह से रात तक शराब में बिजी हो जायें। शराब कंपनी के सुपर परम अच्छे दिन तब आ जायेंगे, जब शराब कंपनी सहयोगी कंपनी का अस्पताल खुलवा दिया जायेगा, जिसमें शराबियों का शारीरिक और मानसिक इलाज किया जायेगा। शराब से कमाओ, फिर शराब से बिगड़े लीवर के ऑपरेशन से कमाओ। तब अच्छे दिन माने जायेंगे। अच्छे दिनों की परिभाषा सबके लिए अलग-अलग है।

वीडियो बनाकर दिखाने वाले एप्लीकेशन टिक-टाक को डाउनलोड कर पाना अब संभव नहीं है, यह बहुत लोगों के लिए बहुत बुरे दिनों की शुरुआत है। अगर व्हाट्सएप और फेसबुक बंद हो जायें, तो कई लोग बुरी तरह से संकट में आ जायेंगे।

कई पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में तेज गिरावट आ जायेगी। लाल किले पर जाकर मुंह टेढ़ा करके बीस पोज बनाकर फोटो फेसबुक न डाली जाये, तो बताओ शाहजहां ने दिल्ली में लाल किला बनवाया काहे को था।

एक पुस्तक मेले में मैंने देखा था–एक स्टाल लगा था-सेल्फी प्वाइंट, इसमें पीछे बैकग्राउंड में महान लेखकों की चर्चित पुस्तकें रखी थीं। इनके बैकग्राउंड में कोई फोटो खिंचवा सकता था। किताबों की दुकानें खाली थीं, पर सेल्फी प्वाइंट पर लाइन लगी हुई थी। सेल्फी खिंचाना ही परम सुख है। सेल्फी खिंचाने के दिन ही अच्छे दिन हैं। कुतुबमीनार के सामने फोटू खिंचाकर फेसबुक पर न डाल पाये, तो काहे के अच्छे दिन। मुझे लगता है कि अब से चार-पांच सौ साल बाद इतिहास कुछ यूं पढ़ाया जायेगा कि शाहजहां ने लाल किला और ताजमहल इसलिए बनवाया था कि 56 मेगापिक्सल के कैमरे के साथ बंदे और बंदियां इसमें सेल्फी ले सकें। जिस ऐतिहासिक स्थल पर सेल्फीबाज न आते, स्थल के ऐतिहासिक होने में संदेह किया जायेगा।

खैर, अच्छे दिनों की परिभाषा बदल गयी है। पुराने लोग दाल-रोटी और एक मकान मिलने को अच्छे दिनों की निशानी मानते थे। अब कोई बंदा किसी रेस्टोरेंट में जाकर एक परांठा खाता है, वह उसके 72 फोटो खींचकर फेसबुक पर चिपकाता है 720 कमेंट और 7200 लाइक की उम्मीद करता है। इतने लाइक न आयें, तो दुखी होता है। सबके लिए अच्छे दिन लाना बहुत मुश्किल है। कितने दोस्तों के कितने परांठे कितनी बार लाइक किये जा सकते हैं, फेसबुक पर।

डूबती एयरलाइन जेट को खरीदना चाहता है ये ब्रिटिश युवा बिजनेसमैन

आर्थिक संकट से जूझ रही प्राइवेट सेक्टर की एयरलाइन जेट एयरवेज की उड़ान सेवाएं अस्थायी तौर पर बंद हो चुकी हैं. एसबीआई की अगुवाई में बैंकों के कंट्रोल में आ चुकी जेट एयरवेज अब नीलामी प्रक्रिया से गुजरेगी. लेकिन इससे पहले जीवनदान देने के लिए विदेशी धरती से जेट एयरवेज को ऑफर मिला है. आइए जानते हैं कि किसने डूबती हुई जेट एयरवेज को खरीदने की पेशकश की है। दरअसल, ब्रिटेन के युवा कारोबारी जेसन अंसवर्थ ने जेट एयरवेज को नियंत्रण में लेने की इच्छा जाहिर की है. दुनिया की अलग-अलग एयरलाइन में काम कर चुके जेसन ने साल 2015 में एटमॉस्फेयर इंटरकॉन्टिनेंटल एयरलाइंस

नामक स्टार्टअप की स्थापना की थी. इसके तहत वह लंदन स्टैनस्टेड एयरपोर्ट से सेवाएं शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं। जेसन अंसवर्थ ने अपने कैरियर की शुरुआत वॉलमार्ट शॉपिंग सेंटर के स्टाफ के तौर पर की थी।

सोनी ला रहा 48 लाख रुपये का टीवी

सोनी को दुनियाभर में बेहतरीन टीवी सेट बनाने के लिए जाना जाता है। कंपनी ने अपनी मास्टर सिरिज बारवा सिरिज के साथ ही ओलडेड और स्मार्ट ऐंड्रॉयड टीवी से मार्केट लीडर बनी हुई है। कंपनी की इसी पोजिशन को बरकरार रखने के लिए सोनी ने अपनी 2019 के टीवी लाइनअप को रिलीज करने के लिए तैयार है। कंपनी ने अपने लेटेस्ट टीवी के प्राइस डीटेल्स और कुछ फीचर्स शेयर किए हैं। कंपनी के ह्य-कैपेबल मास्टर सीरीज के '95 के 85 इंच वाले टीवी की कीमत 13,000 डॉलर (करीब 9 लाख रुपये) होगी। वहीं, जून में लॉन्च होने वाले 98 इंच वाले टीवी की कीमत 70,000 डॉलर (करीब 48 लाख रुपये) है।

महंगे हो सकते हैं रिलायंस जियो के टैरिफ प्लान

यदि आप भी रिलायंस जियो के ग्राहक हैं तो आपको जल्द ही जोर का झटका धीरे से लग सकता है, क्योंकि खबर है कि जियो अपने टैरिफ प्लान की कीमत में इजाफा करने की तैयारी में है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रिलायंस जियो इन्फोकॉम इस वित्त वर्ष में टैरिफ की कीमतें बढ़ा सकती है।

दरअसल मामला कुछ ऐसा है कि जियो को फाइबर और टावर लगाने में काफी खर्च लग रहा है। इसके अलावा कई सारे प्रोजेक्ट्स पर भी कंपनी का करीब 9 हजार करोड़ का सालाना खर्च हो रहा है। ऐसे में कंपनी अपनी सेवाओं की कीमतें बढ़ाने का फैसला ले सकती है। इन्वेस्टमेंट बैंक जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट के अनुसार जापान की सॉफ्टबैंक जियो में 14-21 हजार करोड़ निवेश कर सकती है। गौरतलब है कि वोडाफोन-आइडिया और एयरटेल जैसी कंपनियां भी पूंजी जमा करने के लिए योजनाएं बना रही हैं। ऐसे में जियो को भी अपनी प्लानिंग करनी होगी। कहा जा रहा है कि वोडाफोन-आइडिया व एयरटेल राइट इश्यू से कीरब 25-25 हजार करोड़ इकट्ठा करने में जुटी हैं।

वर्ल्ड कप के लिए मुझे सावधान रहने की जरुरत : धोनी

चेन्नई सुपरकिंग्स ने आईपीएल के 41वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हरा दिया। चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मैच के बाद अपने पीठ दर्द के बारे में बात की। प्रेजेंटशन सेरेमनी में उन्होंने कहा, पीठ का दर्द सही है। थोड़ी बहुत समस्या है, इसलिए वर्ल्ड कप के लिए मुझे सावधान रहने की जरुरत है। धोनी हैदराबाद के खिलाफ 17 अप्रैल को खिंचाव के कारण ही नहीं खेले थे।

धोनी ने कहा, पीठ में जकड़न है, लेकिन यह परेशान नहीं कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कोई ऐसा खिलाड़ी नहीं है जो एक-दो ऐसी परेशानियों के साथ नहीं खेलता हो। अगर ज्यादा दिक्कतें हुईं, तो मैं

आराम ले लूंगा। चेन्नई के कप्तान ने कहा, क्रिकेट के इस स्तर पर शरीर में एक-दो परेशानी के साथ खेला जा सकता है। अगर हम पूरी तरह फिट होकर खेलना चाहेंगे तो दो मैच के बीच पांच साल का अंतर हो सकता है। चेन्नई ने हैदराबाद को हराकर प्लेऑफ में जगह पक्का कर लिया। उसने 12 सीजन में 10वीं बार अंतिम-4 में अपना स्थान पक्का किया। वह 2016 और 2017 में प्रतिबंध के कारण नहीं खेल सका था।

पिता शेन वॉटसन ने अपने बेटे से पूछा कौन हैं उनके फेवरेट तो जबाव मिला धौनी

नई दिल्ली। चेन्नई के तूफानी ओपनर बल्लेबाज शेन वॉटसन आइपीएल के इस सीजन में अपनी फॉर्म से जूझ रहे थे लेकिन हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने अच्छी वापसी की और अपनी टीम के लिए अहम पारी खेलते हुए जीत भी दिलाई। वॉटसन ने मंगलवार को हुए मैच में हैदराबाद के खिलाफ 53 गेंदों का सामना करते हुए 96 रन बनाए और अपनी इस पारी में नौ चौके समेत छह छक्के भी लगाए। उनकी इस पारी के दम पर धौनी की टीम को जीत मिली और ये टीम प्लेऑफ में पहुंच गई। शेन की फॉर्म में वापसी से उनकी टीम तो जरूर खुश होगी पर उनकी इस पारी के बाद जूनियर वॉटसन (विलियम) भी बेहद

खुश नजर आए। आइपीएल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें शेन वॉटसन अपने बेटे से बात करते दिख रहे हैं। इस बातचीत में जब शेन ने अपने बेटे से पूछा कि उनके फेवरेट खिलाड़ी कौन हैं तो उनके बेटे ने जबाव दिया महेंद्र सिंह धौनी। जब शेन ने अपने बेटे से पूछा कि इसके पीछे क्या वजह है कि वो धौनी को इतना पसंद करते हैं तो विलियम ने जबाव दिया कि वो धौनी को बेहद पसंद करते हैं क्योंकि वो बहुत ही अच्छे हैं साथ ही वो हमेशा छक्के लगाते हैं। विलियम ने इस बातचीत के दौरान अपने पिता को बताया।

ऋषभ पंत की तारीफ में रिकी पॉन्टिंग, वह दूसरे ग्रह से आए लगते हैं

नई दिल्ली। ऋषभ पंत की शानदार पारी के बाद हर तरफ उनकी तारीफ हो रही है। दिल्ली कैपिटल्स के सलाहकार और भारत के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली के साथ-साथ रिकी पॉन्टिंग ने भी उनकी तारीफ की है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दमदार पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाने वाले ऋषभ को पॉन्टिंग ने दूसरे ग्रह का बताया है। राजस्थान द्वारा दिए गए 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने शिखर धवन (54) और पंत (नाबाद 78) की दमदार बल्लेबाजी के दम पर छह विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद दिल्ली की टीम 14 अंकों के साथ तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गई है जबकि राजस्थान लगभग प्लेऑफ की

दौर से बाहर हो गई है।

मैच के बाद गांगुली ने ट्विटर पर लिखा, 'ऋषभ पंत तुम इसके हकदार हो। तुम बेहतरीन हो।' मैच के बाद गांगुली मैदान पर भागे और 21 वर्षीय पंत को गोद में उठा लिया। वहीं पॉन्टिंग ने कहा, पंत ऐसे लगते हैं जैसे दूसरे ग्रह पर हैं। वह काफी टैलेंटेड हैं। उन्हें ऐसी कंडीशन्स में खेलने में मजा आता है।

आज का राशिफल

मेष: आज दूर की यात्रा न करें, वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। मित्रों के साथ प्रवास का आयोजन कर पाएंगे। आर्थिक विषय में भी कार्य करेंगे।

वृषभ: जीवनसाथी और प्रिय व्यक्ति का साथ मिलेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से उत्साहित रहेंगे। परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक बीतेगा।

मिथुन: आज अचानक कोई शुभ समाचार मिलेगा। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। बुद्धि-विवेक से सफलता मिलेगी।

कर्क: ग्रह नक्षत्रों में परिवर्तन देखने को मिलेगा। परिस्थितयां आपका साथ देंगी। मनोरंजन कार्य में समय अधिक व्यतीत होगा।

सिंह: आज का दिन मिश्रित फलकारक है। खुशी बरकरार रहे इसके लिए सावधान हो जाएं। वाद-विवाद में न पड़ें। क्रोध व वाणी पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है।

कन्या: आज आत्मविश्वास एवं पराक्रम में वृद्धि के कारण सफलता आपको अवश्य प्राप्त होगी। मेहनत के अनुपात में लाभ अवश्य प्राप्त होगा।

तुला: प्रत्येक कार्यों में सफलता मिलेगी। सोचे हुए सभी कार्य पूरे होंगे। परिवार के सदस्यों का आज पूर्ण सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति के विशेष योग है।

वृश्चिक: आज सभी तरह की समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग एवं कार्य करने के लिए उत्साह बना रहेगा।

धनु: मान-सम्मान एवं लाभ बरकरार रखने के लिए आज आपको समझकर कार्य करना पड़ेगाय् अनावश्यक खर्च से बचें। दोपहर से कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं।

मकर:आज मां लक्ष्मी की कृपा दृष्टि आप पर बनी रहेगी। दिन मंगलमय बीतेगा। विशेष लाभ का योग बन रहा है। व्यापारीजनों के कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश स्थित स्वजनों के शुभ समाचार मिलेंगे। बाहरी खान-पान से बचें।

कुंभ:आज दिनभर कार्य की व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान और यश में वृद्धि होगी। पूजा-पाठ से मन प्रसन्न रहेगा। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं सहयोग प्राप्त होगा। मनोबल दृढ़ रहेगा जिससे आप अपने काम को सफलता पूर्वक पूरा कर सकेंगे।

मीन:भाग्य आज आपका साथ देगा। आध्यात्मिक सुख एवं शांति का वातावरण बना रहेगा। नए अवसर प्राप्त होंगे।

गर्मियों में रखेगा कूल और रिफ्रेश वॉटरमेलन मॉकटेल

सामग्री :

तरबूज- 2 कप (बीज निकालकर टुकड़ों में कटा), पुदीने की पत्तियां- 5-7, नींबू का रस- 1 बड़ा टीस्पून, आइस क्यूब- 4-5, सोडा- (जरूरत अनुसार), नींबू- 1 स्लाइस

विधि

मिक्सर जार में कटा तरबूज, पुदीने की पत्तियां और नींबू का रस डालकर पीस लें। सर्विंग गिलास में आइस क्यूब्स डालें और ऊपर से तरबूज और पुदीने का मिक्सचर डालकर गिलास को आधा भर दें।

ऊपर से सोडा और कुछ पुदीने की पत्तियां डालें। नींबू के स्लाइस को एक साइड से थोड़ा काट दें और गिलास के किनारों पर लगाकर ड्रिंक सर्व करें

शब्द सामर्थ्य-44

बाएं से दाएं :

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 43 का हल

ग	ल	त	■	■	■	खा	म	खाँ
णे	■	ल	■	झ	प	की	■	■
श	र	ब	त	■	रं	■	■	मि
■	ज	गा	ना	■	प	रा	का	ष्ठा
■	नी	र	■	वि	रा	ज	मा	न
ना	च	■	■	प	■	■	य	■
म	र	णा	स	न	■	पा	नी	■
ची	■	■	प	■	पा	■	■	भो
न	ज	रा	ना	■	स	मा	चा	र

सू-दोकू-44

	9			2				1
		5	1				3	
7				9		8		5
	8		3		7		5	
2		7				1		3
	4			1			8	
6		2			9			
	5		7			3		
		8		5			6	7

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.43का हल

7	8	2	6	3	1	4	5	9
6	4	1	8	5	9	2	7	3
9	3	5	4	7	2		1	8
2	6	3	1	9	7	5	8	4
5	7	8	3	6	4	1	9	2
1	9	4	5	2	8	7	3	6
4	5	7	2	8	3	9	6	1
3	1	6	9	4	5	8	2	7
8	2	9	7	1	6	3	4	5